WHA में भारत की TB डायग्नोस्टिक तकनीक की सराहना

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में जिनेवा में आयोजित **77वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन** में **फेफड़ों (Pulmonary) एवं अन्य अंगों (Extra-Pulmonary) संबंधी TB** तथा रिफाम्पिसिन-प्रतिरोधी TB हेतु एक **तीव्र आण्विक नैदानिक परीक्षण, ट्रूनेट (Truenat) की सराहना** की गई।

ट्रूनेट:

- **पोर्टेबल एवं बैटरी चलित इस उपकरण से** एक घंटे से भी कम समय में परिणाम मिलने के साथ **40 से भी अधिक बीमारियों की जाँच** हो सकती है।
- भारत में **राष्ट्रीय TB उन्मूलन कार्यक्रम** (National TB Elimination Programme) के अंतर्गत 7,000 से अधिक प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा लगभग 1,500 निजी प्रयोगशालाओं में इसका प्रयोग किया जाता है।
- **विश्व स्वास्थ्य सभा** (WHO की निर्णय लेने वाली संस्था) ने TB उन्मूलन के लिये भारत के प्रयास की सराहना करते हुए ट्रूनेट मशीनों और **हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरणों** के उपयोग सहित भारत की अभिनव पहलों को संभावित वैश्विक मॉडल के रूप में मान्यता दी।
    - भारत में TB उन्मूलन कार्यक्रम के तहत TB के निदान हेतु हस्तचालित **एक्स-रे उपकरणों का उपयोग** किया जाता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (World Health Organization-WHO) के अनुसार प्रतिवर्ष TB के 10 मिलियन से अधिक नए मामले सामने आते हैं।
- वैश्विक TB रोगियों में **भारत की हिस्सेदारी 27%** है। भारत में TB से प्रतिदिन **1,400 से अधिक रोगियों की** मृत्यु होती है।
- **प्रधानमंत्री TB मुक्त भारत अभियान** के तहत भारत का लक्ष्य, वर्ष 2025 तक TB का उन्मूलन करना है।



//

और पढ़ें: प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, इंडिया TB रिपोर्ट 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-tb-diagnostics-tech-wins-acclaim-at-wha